**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**एकलव्य परिसर**

**सूचना संख्या..... 62** **दिनांक 18 जून 2025**

**सूचना**

सत्र 2025–26 में प्रविष्ट **प्राक्–शास्त्री प्रथम वर्ष–प्रथम सत्रार्द्ध के सभी छात्रों** को सूचित किया जाता है कि उनकी नियमित कक्षाएँ **दिनांक 19 जून 2025 से** आरम्भ की जा रही हैं। अतः जिन छात्रों ने एकलव्य परिसर में प्रवेश लिया है वे सभी छात्र नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होकर अध्ययन करें।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के नियमानुसार यदि कोई छात्र 10 दिन तक लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेश निरस्तीकरण की अवस्था में अधिकतम 15 दिवस के अन्दर पुनः प्रवेश दिया जा सकता है, जिसके लिए छात्र को सम्पूर्ण सत्रार्द्ध शुल्क पुनः जमा करना होगा।

सत्रार्द्ध परीक्षा में नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है, 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर, सत्रार्द्ध परीक्षा के लिए अनुमति दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

अतः सभी छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि उक्त दिनांक से कक्षा में उपस्थित होकर अपना अध्ययन सुनिश्चित करें।

18/06/2025

**(प्रो. मखलेश कुमार)**
**निदेशक**
निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala

**प्रतिलिपिः–**

1. समस्त अध्यापक एकलव्य परिसर – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. श्री मृणाल स्वाल, तकनीकी अनुभाग, एकलव्य परिसर–वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. सूचना पट्ट / संचिका।